

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार



दैनिक

पटना, 16 मार्च, गुरुवार, 2023


## संपादक की कलम से




हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह कॉंग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क - 8252667278

# कांग्रेस सेवादल धरोहर अपना देश अपना

पटना। कांग्रेस दर्पण

**कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉक्टर नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी।**

**आजादी के संघर्ष के प्रवाण पर चढ़ने का साल 1923 असहयोग आंदोलन के समय की बात हैं।**

उस समय नागपुर में फ्लैग सत्याग्रह के दौरान कुछ लोगों को अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

उसी गिरफ्तारी में से एक डॉ० एन. एस. हार्दिकर जी थे, जो हुगली सेवा मंडल के सदस्य भी थे, जो अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ थे। उन्हें भी जेलों में अंग्रेजों द्वारा ढेरों सारी यातनाएं मारपीट डराने धमकाने की कोशिश की गई, लेकिन अंग्रेजों की सारी चाले विफल साबित हुईं, और इसी दौरान जेलों में रहते हुए डॉक्टर एन. एस. हार्दिकर जी के मन में एक विचार आया सेवा दल के गठन का। एक ऐसा संगठन जो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को शिक्षित कर उसमें फौजी अनुशासन वह ब्रिटिश हुकूमत से लड़ने का मजबूत जज्बा पैदा हो सकें, जो हिंदुस्तान को अंग्रेजों से आजाद करा सकें, जो अंग्रेजों की दमनकारी शासन से मुक्ति मिल सकें, अंग्रेजों की आदत हिन्दुस्तान को बर्बाद डराने धमकाने लूटपाट, हिंदुस्तान के आम आवाम को हिंदुस्तान के धरोहर को बर्बाद करने की हिंदुस्तान के गरीब-गुरबों को प्रताड़ित करने की, माँ-बहनों को परेशान करने से बचाने के लिए अंग्रेजो के खिलाफ आजादी के संघर्ष के समय एन. एस. हार्दिकर जी ने यह प्रण लिया था और वह जेल से बाहर आते हैं, हीं सर्वप्रथम नेहरु जी से इलाहबाद जाकर मुलाकात की और आदरणीय पंडित जवाहरलाल नेहरु जी से सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने वाला एक लड़का संगठन की स्थापना पर चर्चा की।

1923 में सरोजिनी नायडू जी ने हिंदुस्तानी सेवादल बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरु जी को इसका पहला अध्यक्ष बनाया गया और यहीं से संगठन आगे चलकर।

28 दिसंबर 1923 को हिंदुस्तानी सेवा दल के नाम से डॉ नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी ने इस संगठन का गठन किया तथा 7 मार्च 1947 को इसका नाम हिंदुस्तानी सेवादल से बदलकर कांग्रेस सेवादल कर दिया गया। कांग्रेस सेवा दल के गठन के बाद 1924 में बेलगाम अधिवेशन में सेवा दल ने अपना जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें सर्वप्रथम सेवादल को साफ-सफाई और सुरक्षा का जिम्मा दिया गया और इस से प्रभावित होकर स्वयं गांधी जी ने माना था कि डॉ नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी और सेवादल के बगैर कांग्रेस पार्टी का अधिवेशन सफल नहीं हो पाता।

आजादी के आंदोलन में कांग्रेस सेवादल के प्रभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता हैं, कि 1932 में कांग्रेस सेवा दल की गतिविधियां और लोकप्रियता से घबराकर अंग्रेजी हुकूमत ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

सेवादल के लोकप्रियता और महत्व का अंदाजा इससे भी लगाया जाता हैं, कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर राहुल गांधी जी तक सभी ने सेवादल को कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही माना हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस सेवादल के ताकत का अंदाजा इससे भी लगाया जाता हैं, कि नेहरू जी के साथ ही देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी एवं राजगुरु जैसी हस्तियों ने भी कांग्रेस सेवा दल से जुड़ा रखा एवं सेवा दल का सदस्य भी रहें।

राम कुमार आजाद
सेवादल, जमालपुर, मुंगेर
बिहार।



एन. एस. हार्डिकर - भारतकोश, ज्ञान









सेवादल के मुख्य संगठक लाल जी देसाई ...

**1.) कांग्रेस सेवादल हमेशा से भारतीय जन समाज की रीढ़ रही हैं।**

**2.) कांग्रेस सेवादल कांग्रेस पार्टी की मजबूती रही हैं।**

**3.) कांग्रेस सेवा दल की मजबूती का मतलब हैं। देश की मजबूती क्योंकि सेवादल के विचार में देश महत्वपूर्ण रहा हैं।**

**4.) सेवा दल में कोई धर्म संप्रदाय जाति एवं वर्ग नहीं।**

**5.) सेवा दल की जरूरत आज देश को हैं।**

**6.) सेवादल कांग्रेस पार्टी की आत्मा रहीं हैं।**

**7.) सेवा दल का इतिहास रहा हैं, की कांग्रेस को साथ लेकर चलने की। सेवादल, कांग्रेस पार्टी से लेना कम व कांग्रेस पार्टी को देना ज्यादा हैं, इसी भावना से कार्य करते हैं।**

**8.) सेवादल कांग्रेस पार्टी के लिए निस्वार्थ सेवा भाव से त्याग, तपस्या व बलिदान के स्वरूप कार्य करते हैं।**

**9.) त्याग और अपेक्षाकृत निस्वार्थ कर्म की जो चेतना महात्मा गांधीजी, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी, व नारायण सुब्बाराव हार्दिकर जी ने जलाई थीं। उसकी लौ आज भी बुझी नहीं हैं।**

**10.) सेवादल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जमीनी संगठन हैं।**

**11.) संगठन का भारत के सभी राज्यों में 1 अध्याय हैं।**

**12.) संगठन के सदस्य गांधी टोपी पहनने के लिए जाने जाते हैं।**

**13.) वर्तमान में इसका नेतृत्व एक मुख्य आयोजक आदरणीय श्री लाल जी देसाई जी कर रहे हैं।**

## कॉंग्रेस सेवादल रहे तैयार : लालजी देसाई

कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालजी भाई देसाई ने कहा कि मौजूदा दौर में भारत जटिल परिस्थितियों के गिरफ्त में आता जा रहा है रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, शासन, महिला सुरक्षा, महंगाई के साथ-साथ अन्य बहुत सारी चीजों को मौजूदा भाजपा की सरकार बढ़ावा और खत्म करती जा रही है जटिल बनाती जा रही है ऐसी परिस्थितियों में भारत के तमाम कॉंग्रेस सेवादल के स्वयंसेवक अपने-अपने राज्य जिला स्तर ब्लॉक स्तर तक मौजूदा हालात से देश के लोगों को अवगत कराएं और भाजपा की साजिश को नाकाम करने के लिए पूरी तरह कमर कस लें आज के मौजूदा दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए सरकारी कंपनियों का निजीकरण जानबूझकर किया जा रहा है और उन संस्थाओं को महज एक दो लोगों के लिए सविधान को बदलकर उन को ताकत प्रदान की जा रही है और बेची जा रही है देश को जाति और धर्म के आधार पर बांटा जा रहा है नफरत की खाई को दी जा रही है जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से हो चुकी महाराष्ट्र में किसानों को खाद लेने के लिए अपनी जाति का बताना आवश्यक कर दिया गया है जो कि आने वाले वक्त के लिए घातक है ऐसी स्थिति में हम तमाम लोगों का दायित्व है कि अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर इस नए दौर की आजादी के लिए भेदभाव को खत्म करने के लिए एकता भाईचारा मोहब्बत कायम करने के लिए हम लड़ाई लड़े हमारे गांधी थे और हम गांधी के हैं इसलिए हम उनके बताएं सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर अपनी मंजिल बनाएंगे।




संयुक्त विपक्ष के सैकड़ों सांसद मिलकर ईडी दफ्तर जाना चाहते थे, लेकिन जिस तरह उन्हें रोका गया, मीडिया को रोक दिया गया... ये लोकतांत्रिक संस्थानों को कुचलने का शर्मनाक प्रयास है। प्रधानमंत्री सदन नहीं चलने दे रहे हैं, क्योंकि सदन चलेगा तो प्रधानमंत्री और अडानी के रिश्ते पर बात होगी।

कालेधन का स्वर्ग कहे जाने वाले मॉरीशस की एक फर्जी कंपनी का अडानी डिफेंस फर्म में मालिकाना साझेदारी है। अडानी की फर्म रक्षा मंत्रालय, ISRO-DRDO के साथ काम करती है।

इस संदिग्ध कंपनी की देश के रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ किसने कराई? प्रधानमंत्री जी की क्या मजबूरी है कि इन अहम सवालों पर मौन हैं और संसद में चर्चा से भाग रहे हैं? क्या किसी ने जांच की कि इस फर्जी कंपनी में किसका पैसा लगा है और वो कहां से आया है?

आज विपक्ष के सांसदों ने संसद से एऊ कार्यालय तक मार्च निकालकर अडानी घोटाले के खिलाफ आवाज बुलंद की।

मीडिया मौन रहेगा, संसद में चर्चा नही होने दी जाएगी, लेकिन हर देशवासी इन सवालों के जवाब चाहता है। हम एकजुट होकर ये सवाल पूछते रहेंगे कि आखिर प्रधानमंत्री जी जांच से भाग क्यों रहे हैं?

**प्रियंका गांधी वाड्रा**







# औरंगाबाद में अनुग्रह बाबू,सतेंद्र बाबू,डा. शंकर दयाल सिंह की प्रतिमा पर मालार्पण कर सभी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं डा0 श्री कृष्ण सिंह पुस्तकालय में श्री बाबू के चित्र पर मालार्पण किया -डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह











# कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो पद यात्रा

पटना। कांग्रेस दर्पण

साहेबपुर कमाल प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूर्व सरपंच रेणु देवी के नेतृत्व मे आज साहेब कमाल प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचबीर पंचायत तक कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाकर आम लोगो को बाटी राहुल गाँधी का संदेश पर्ची इस दौरान पद यात्रा मे शामिल अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य अभय कुमार सिंह सार्जन जिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन सिंह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्षा शांति देवी महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष रुवी शर्मा ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधीजी ने चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर देश मे लोगो से भाईचारा बनाने का संदेश दिया हे वही संदेश हमलोग भी आज जनता को दे रहे हे साथ ही देश बढ़ती महगाई बेरोजगारी घट रही नौकरी बिक रहे सरकारी कम्पनी के प्रति भी आम लोगो को जागरूक कर रहे हे यह कार्यक्रम सभी पंचायत मे आयोजित की जाएगी

आज के इस हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा मे बरिष्ठ कांग्रेस नेता रामबिलास सिंह साहेबपूर कमाल बिधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रतियाशी राकेश सिंह साहेब कमाल बिधानसभा के प्रभारी इरशाद आलम मटिहानी बिधानसभा प्रभारी सुबोध सिंह बलिया नगर अध्यक्ष मोङ्क तारिक कांग्रेस नेता अबुलाश अंसारी रामजी सिंह गंगा कुमार अनिल चौधरी मिथलेश सिंह बिजय सिंह मोङ्क शाहिद जितेंद्र झा मोङ्क तोकीर आलम सहित अनेक लोग शामिल थे





यूपी मे लगता है दलितों की जमीन फिर कब्जा होंगी भाजपाई भूमाफिया अब आसानी से जमीन कब्जा कर सकेंगे योगी सरकार के नए नियम सेः इंजिनियर टीपू। यूपी में पहले दलितों की जमीन खरीदने के लिए डीएम की अनुमति लेने पड़ती थी अब दलितों की जमीनों को खरीदने के डीएम की अनुमति नहीं लेने पड़ेगी योगी सरकार की नई नीति ,इससे भूमाफिया को दलितों की जमीन कब्जा करना अब आसानी हो जाएगा. कांग्रेस ही एक वैसे पार्टी है जो देश के हर व्यक्ति के बारे मे सोंचती है चाहे वो किसी भी जाति धर्म का हो कांग्रेस का काम है सिर्फ देश वासियों के सेवा करना

**इंजिनियर टीपू।**
**युवा अध्यक्ष कांग्रेस।**
**बिहार शरीफ**

# देश की मानसम्मान की बात करने वाले प्रधानमंत्री जी कई बार विदेशी धरती पर देश को शर्मशार कर चुके हैः कांग्रेस

पटना। कांग्रेस दर्पण

उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री सहित उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी, भाजपा आर एस एस के लोग कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर उनके द्वारा विदेश यात्रा के दौरान दिए गए भाषण, प्रेस कांफ्रेंस में दिए गए जवाब को गलत ढंग से बोल कर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह,शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, खालिद अमीन, मो अहमद रजा खां, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा की देश के मान सम्मान की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी कई बार विदेश की धरती पर देश को शर्मशार कर चुके है। चीन, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया, कनाडा आदि कई देशों में भारत एवम् यहां की पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार के बारे ना जाने क्या, क्या नही कहे है, जिसे देश की महान जनता देख और सुन रही है।

नेताओ ने कहा की भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार देखने मिल रही की सत्ता पक्ष के लोग, विपक्ष के लोकप्रिय, जनप्रिय नेता राहुल गांधी के बारे अनर्गल बातें कर मांफी मांगने की मांग कर रहे है, को शत प्रतिशत हास्यास्पद है।

नेताओ ने कहा की अडानी प्रकरण की जांच जे पी सी द्वारा कराने की मांग पर कांग्रेस सहित सम्पूर्ण विपक्षी दलों के संसद से सड़क तक आंदोलन को दबाने, जनता को गुमराह करने हेतु मोदी सरकार अनर्गल बातें कर रही है।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में आज सभी विपक्षी दलों के राज्यसभा सांसद ईडी के निदेशक के नाम तैयार ज्ञापन देने जाते वक्त भी हजारों पुलिस द्वारा रोकने का काम किया गया।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी अडानी प्रकरण का पर्दाफाश कर हम दो हमारे दो की सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है भाजपा सरकार_ कांग्रेस

भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है की सत्ता पक्ष संसद के दोनो सदनों लोकसभा एवम् राज्यसभा में हो, हल्ला कर, विपक्ष की आवाज राहुल गांधी जी पर अनर्गल झूठी बातें कर बंद कराने का काम किया है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शशि किशोर शिशु, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने कहा की राज्यसभा के सभापति, उपसभापति द्वारा सरकार के इशारे पर कुछ दिनों पहले राहुल गांधी जी के संबंध में गलत बाते कही गई, फिर कल पीयूष गोयल ने घंटो राज्यसभा में अनर्गल झूठी बातें किए, जबकि राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे जी को चंद मिनट भी बोलने नही दिया गया, लोकसभा में रक्षा मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री द्वारा भी बेतुका बाते राहुल गांधी जी के संबंध में की गई। नेताओ ने कहा अडानी प्रकरण पर चारो तरफ से घिरी सरकार उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए देशवासियों को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रही है।

# बिरला सिमेंट फैक्ट्री का सपना साकार होने को

पटना ।कांग्रेस दर्पण

वजीरगंज के युवाओं और मज़दूरों के लिए खुशी का दिन है की आदरणीय पूर्व मंत्री माननीय अवधेश कुमार सिंह जी के कार्यकाल के दौरान प्रस्तावित बिरला सिमेंट फैक्ट्री का सपना साकार होने को है जिसके बीच में आ रहे रुकावट का समाधान लाने में पूर्व मंत्री जी ने अथक प्रयास किया था परंतु मुझे बहुत पीड़ा हुआ जब मुझे आज सूचित किया गया की इसके उद्घाटन करने और श्रेय लेने के तैयारी में कोई और है.

मैं सोशल मीडिया के माध्यम से यह बताना चाहता हूँ कि जिस सीमेंट फैक्ट्री की बात की जा रही है दरअसल आज से दो साल पहेले बिरला सीमेंट कोल्हान गाँव के पास फैक्ट्री लगाना चाहती थी और उसके लिए करीब 70% ज़मीन अधिग्रहण किया जा चुका था और करीब 30% लोग ज़मीन देने को तैयार नहीं थे, जिस बजह से काग़ज़ी काम रुका हुआ था और जिसको लेकर माननीय पूर्व मंत्री जी कई दफा लोगों से मिले भी थे और मानपुर स्थित आवास पर सबको समझाया था और यह आश्वासन दिया था की इसके बदले उन्हें सही जगह पर जमीन अथवा उचित मुआवजा दिलवाने का काम करेंगे और नौकरी भी सुनिश्चत करेंगे, इस तरह उन्हें राजी करके इसका हल निकाला था और फिर इस प्रोजेक्ट को आज ज़मीन पर उतारा है. जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता संजीत सिंह, भरत सिंह, नवीन सिंह एवं अन्य बुद्धजीवियों का सहयोग भी रहा था.



मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि माननीय पूर्व मंत्री ने खूब कोशिश किया था कि चुनाव से पहेले ही इसे पूरी तरह जमीन पर ले कर चले आए ताकि वो जनता को सेवा देने के बदले कुछ दे भी पाए और अपने द्वारा किए गए कार्यों के लिस्ट में अंकित भी कर सके परन्तु क्यूँ की कुछ काग़ज़ी काम फसा था हमने ऐसा नहीं किया बजह यह था की हम जब तक 100% धरातल पर नहीं आ जाता, इसका प्रचार कर जनता को मुर्ख बनाना सही नहीं समझते थे.

मैं पूछना चाहता हूँ श्रेय लेने वाले माननीय विधायक जी से की क्या आज तक उन्होंने इसमे हो रहे देरी के खिलाफ मे अपने लेटर पैड पर किसी भी मंत्री, अधिकारि अथवा किसी को लिखित मे शिकायत दिया है, क्या किसी किसान से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया है , क्या बिरला कंपनी से इसको लेकर कोई बैठक करके आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी लिया है, अतः जनता इतनी तो मुर्ख नहीं की वो यह नहीं समझ पाये की 6-7 महीनों में इतनी बड़ी प्रोजेक्ट को अनुशंसा कर लाया जा सकता है.

मुझे बिस्वास नहीं पूरा भरोसा है की इसका जवाब इनके पास नहीं होगा, क्यूँ की इनका काम है किसी और के द्वारा किया गया कार्य का शिलान्यास करके अपना फोटो चमकाना है. दरसल खबर तो ये भी है की जनता और क्षेत्रीय नेताओं द्वारा संगठन मे इनके खिलाफ विकास कार्य न करने और क्षेत्र से लापता रहने का शिकायत दर्ज कराया गया है जिसे छिपाने के लिए ये सब किया जा रहा है.

छोड़िये इन बातों को, मैं तो शुभकामनाएँ दूँगा जनता को और आशा करता हूँ की अब यह कार्य किसी भी तरह के निजी स्वार्थ के लिए लोग नहीं रोकेंगे क्यूँ की ये जनहित का मामाला है और जिस दिन ख़बर आई की फिर से खुद के जेब के लिए अड़ंगा लगाया है और फिर काम रुका तो मैं सड़क से ले कर सरकार तक इसका विरोध करूंगा.

आने वाले वक़्त में मैं माननीय उद्योग मंत्री जी से मिल कर सारे चीज़ों को अवगत कराऊंगा और बिरला कंपनी के मालिक एवं अधिकारी जो कि मेरे शुभचिंतकों के सूची मे हैं उनसे भी मिल कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूँगा की इसमे गया और वजीरगंज के लोगों का 70% भागीदारी किया जाए और कुछ नहीं तो फोटोजेनिक प्रतिनिधि से भी विनती करता हूँ की आइए इस मांग मे मेरा साथ दीजिए और माननीय पूर्व मंत्री जी के द्वारा किया गया विकास के जरिये ही सही कुछ अपना भी योगदान सुनिश्चित करिए 🙏

आपकाप्त डॉ शशि शेखर सिंह

# कांँग्रेसी !

**सोते में प्रभु ने देखा जो वह अनुपम सपना है मानव!**

**मानव जब जोर लगाता है पत्थर पानी बन जाता है!!**

**सर्वोत्तम रचना है मानव!**

**नीति का जो पंथ अपनाए वही है,कांग्रेसी।**

**खोंट जिसमें रंच ना आए वही है कांग्रेसी!!**

**हर घड़ी बाहें ना थामें सिर्फ अपने स्वार्थ की!**

**अमिट इच्छा हो भरी जिसमें सतत परमार्थ की!!**

**लोकहित में ही निहित जिसमें अपरिमित चाह हो! लोक मंगल के लिए जिसमें भरा उत्साह हो!!**

**हानि सहकर भी अहा परमार्थ में संलग्न हो! विश्व का कल्याण करने में सदा जो मग्न हो!!**

**अंतरात्मा के सुरों पर ध्यान देता जो चले!रीतियों और नीतियों को मान देता जो चले!**

**न्याय पथ से रंच भर भी जो कभी न हट सके!राष्ट्र वेदों पर समुन्नत भाल जिसका कट सके!!**

**लक्ष्य के प्रति पूर्ण अर्पित हो वही है कांग्रेसी!**

**देश हित में जो समर्पित हो वही है कांग्रेसी!!**

**प्रेम करुणा नीति जिसमें हो भरी, है कांग्रेसी!!**

**वृतियां हो पाप से जिसकी डरी, है कांँग्रेसी!!**

**मानवता के मुख मंडल पर,जनांदोलनों की लगी कालिमा है! प्रक्षालित उसको करने में, सक्षम अनुराग लालिमा है!!**

**क्रोधाग्नि प्रज्वलित होती जब,तब मनुज मनुज से भिड़ता है! जब खोता है संयम जनमानस,आंदोलन भयंकर होता है!!**

**होते हैं सत्ता से बेदखल हिटलर रूपी राजा, कोई ना राज सिंघासन बच पाता है, अपना अस्तित्व गवांता हैं!!**

**उद्यान वाटिका बाग क्षण में ध्वस्त हो जाते हैं!!**

**कवि की कामना यही केवल सर्वत्र शांति ही छा जाये!**

**नैतिकता के पथ पर चलकर मानव महानतम सुख पाये।**

**एक बार यदि ठान लिया,तो लक्ष्य भेद कर ही मानूंगा!**

**रोक पाएंगे नहीं अब बिघ्न या व्यवधान कांँग्रेसी को........ ..**



**.........रणजीत कुमार**

**मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव,बेगूसराय कांँग्रेस।**

# कांग्रेस का महाअभियान हाथ से हाथ जोड़ो बेगूसराय जिले में अनवरत जारी





**पटना। कांग्रेस दर्पण**

आम जन से जुड़ने और उनकी पीड़ा को बारिकियों से समझने के लिए कांग्रेस का महाअभियान हाथ से हाथ जोड़ो बेगूसराय जिले में अनवरत जारी है जहाँ पूर्व विधायक श्रीमती अमिता भूषण के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सदर प्रखंड के चांदपुरा पहुंचे और लोगों से संपर्क कर उनकी रोजमर्रा की पीड़ा को समझने का प्रयास किया. ज्ञात हो कि इस महाभियान के लिए राहुल गांधी जी का लिखा सन्देश कांग्रेसजनों द्वारा घर घर पहुँचाते हुए उनकी तकलीफों को समझने का प्रयास चल रहा है।

श्रीमती भूषण ने बताया कि कांग्रेस परिवार पिछले 137 सालों से भारत की प्रगति और एक ऐसे स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए समर्पित है जहाँ हर भारतीय को सपने सच करने का पूरा और समान अवसर उपलब्ध हो। जहाँ हर भारतीय को सामाजिक खुशहाली के साथ आर्थिक समृद्धि का अवसर हो, जहाँ हर किसान को उनकी फसलों का सही दाम मिले, हर बेरोजगार हाथ को काम मिले, पर पिछले 9 सालों में इस केंद्र सरकार की विभाजनकारी नीतियों का परिणाम यह मिला है जो गैस सिलेंडर 2014 में 410 का मिलता था आज 1250 में मिल रहा है. पेट्रोल दीजल का दाम 100 के पार चला गया, रुपया गिरकर 83 के पार चला गया, दाल 200 रूपये किलो पहुँच गया,। आज देश पर कुल कर्ज 155 लाख करोड़ हो चूका है, चीन अरुणाचल में कॉलोनी बनाकर बैठा है। इस हालात में देश का सिर्फ एक नेता राहुल गांधी सडक से संसद तक आवाज उठा रहा है. हम सब उनके प्रतिनिधि के तौर पर उनकी आवाज़ के साथ खडे है जिस आवाज की प्रतिध्वनि है यह हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा.

हम जब लोगो से मिल रहे हैं तो लोग अपनी तकलीफ वयान करते हैं, खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और किसानों की पीड़ा करुणादायक है। इस अभियान के माध्यम से न सिर्फ हम हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं बल्कि नफरत के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा का जो सन्देश दिया गया था उसे हर घर तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं।

मौके पर पंचायत अध्यक्ष दीपक मिश्रा, श्रीकांत राय, बीपी सी सी सदस्य जय प्रकाश गुप्ता, पूर्व सेवादल प्रदेश अध्यक्ष रामानंद सिंह, जिला पार्षद अमित कुमार, कमल किशोर पोद्दार, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र ताती, प्रमोद कुमार, गणेश सिंह, अरविन्द सिंह, रमेशर सिंह, पंकज कुमार, शंकर साह, मनोज कुमार, झालो कुमर, अर्जुन पोद्दार, रामपदारथ पासवान, छोटन साह, मो इमरान, मो असगर, मो इरशाद, डावर खान, राजीव शर्मा, सुधीर राय, प्रेमचंद जायसवाल, शिव नारायण दास, प्रभाशु बिट्टू, बीपीसीसी सदस्य रत्नेश टुल्लू सहित सैकड़ो नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



**"कांशीराम तेरी नेक कमाई, तूने सोती कौम जगाई।"**

**आज ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के अध्यक्षता में बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब की जयंती मनाई।**


# तेघड़ा नगर काँग्रेस के तत्वावधान में नगर काँग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**पटना। कांग्रेस दर्पण**



तेघड़ा नगर काँग्रेस के तत्वावधान में नगर काँग्रेस कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक काँग्रेस भवन तेघड़ा की गई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रंधीर मिश्रा तथा संचालन विभेष सिंह ने किया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार को प्राथमिकता देते हुए नगर के सभी वार्डो में अविलंब सदस्यता अभियान चलाकर कर वार्ड कमिटि गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही गत दिनों नगर में हुए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की समीक्षा के साथ आगे की कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया।

अपने संबोधन में नगर काँग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजित प्रसाद सिंह उर्फ राजाबाबू ने कहा कि काँग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी सहित सभी विपक्षी नेताओं को केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर प्रताड़ित करने तथा अडानी मामले को दबाने का केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास के विरोध में नगर काँग्रेस तेघड़ा ने केंद्र सरकार के खिलाफ निन्दा करती है। साथ ही केंद्र सरकार केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करना बंद नहीं करती है तो नगर काँग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र कुमार पूर्व नगर अध्यक्ष रामबाबू साह पूर्व विधानसभाध्यक्ष रौशन कुमार राजेश कुमार श्रवण विभेष सिंह कन्हैया सिंह उमाशंकर सिंह बद्री सिंह उदय सिंह अताउर रहमान चरितर सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।







# जन संवाद कार्यक्रम




**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

दिनांक 15/03/2023 को औरंगाबाद जिले में माननीय विधान पार्षद एवं 02- गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन (जदयू) प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह जी का शिक्षक साथियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम में। औरंगाबाद जिले के शिक्षक साथियों ने माननीय विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह जी को अपने प्रतिनिधि के रुप में पुनः तीसरी बार बिहार विधान परिषद विजयश्री की माला पहना कर भेजने के संकल्प को दोहराया।

## झूठ परोसा जा रहा है

वर्तमान समय में भारती मीडिया जब देखो गोदी मीडिया चिल्लाती रहती मोदी, मोदी, सिर्फ मोदी। जनता की अक्सर झूठ परोसा जा रहा है और भोली भाली जनता को गुमराह करने का काम किया जाता है।हिंदुस्तान की जनता गरीब होती जा रही है सिर्फ मोदी मित्र अमीर हो रहे हैं।हमारी लड़ाई इसी आर्थिक विषमता से है।लेकिन गोदी मीडिया इस पर परिचर्चा नही करेगी।सिर्फ टी. आर. पी की चकाचौंध और पैसे खाकर अपनी जमीर बेच चुकी मीडिया जनता से भाजपा की हकीकत हमेशा छुपाती रहती है।हालांकि इस बात को हर हाल में मानना पड़ेगा कि मोदी जी झूठ बोलने में इतने माहिर हैं कि उनके झूठ के आगे सफेद झूठ भी सरमा जाए।इसलिए हर भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह भारत के मूल्यों के लिए आवाज उठाए और हमारे प्यारे लोकतंत्र की रक्षा करें।



**सुरेश प्रसाद यादव,**
**अध्यक्ष बिहार प्रदेश**
**इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।**



**बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर प्रखंड के पबरा पंचायत के पूर्व मुखिया सामाजिक एवं राजनीतिक सरोकार से जुड़े हुए व्यक्तित्व. बेगूसराय स्थित होटल कैप्शन के मालिक कामेश्वर सिंह का निधन हो गया. उनके निधन से समाज ने एक सामाजिक सरोकार के जीवंत व्यक्तित्व को खो दिया. विनम्र श्रद्धांजलि शत शत नमन ओम शांति.**




**BWI /FNV के तत्वावधान में चेन्नई में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में शामिल होने पहुँचे CLU के पटना जिला अध्यक्ष, श्री धर्मेंद्र कुमार**

# राहुल गांधी के व्यक्तित्व से घबराकर भाजपा के लोग कर रहे बयानबाजी



पटना ।इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा की और उससे पूरे देश ने उनका जो स्वागत किया है उससे घबराकर ये लोग बयानबाजी कर रहे हैं।श्री राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक जिस रूप में लोगों ने उनको आशीर्वाद दिया, दुआएं दी, वो बेमिसाल थी, पूरे देश में यही माहौल था, मुद्दा महंगाई–बेरोजगारी था और देश में जो हिंसा, तनाव है था, प्रेम,मोहब्बत, भाईचारा होना चाहिए और अमीर–गरीब की खाई न बढ़े, यही तो मुद्दे थे जो उन्होंने जो कहे हैं जाकर वहां पर, अब ये राहुल गांधी जी की पर्सनेलिटी है, जिस प्रकार से पूरे देश में वेलकम हुआ था उनका यात्रा के दौरान साढ़े तीन हजार किलोमीटर की यात्रा थी, श्रीनगर में लाल चौक पर जाकर झंडा फहरा दिया। भाजपा के लोग राहुल गांधी को बदनाम कर रहे है वास्तव में राहुल गांधी जी कैसा व्यक्तित्व रखते है, कैसे वो काम करते हैं। जब लंदन में वो गए हैं और जिस प्रकार वहां लंदन में अपनी बात को रखा है कैंब्रिज में भी और अन्य जगहों पर, उससे घबराकर इन्होंने एक अभियान चला रखा है कि देश के बारे में उन्होंने जो कमेंट किए हैं वो देशहित में नहीं हैं, मैं पूछना चाहूंगा कि कौनसा कमेंट उनका देशहित में नहीं है।₹ राहुल गांधी इन सबसे ज्यादा देशभक्त हैं, राहुल जी देशवासियों के लिए और देश के लिए जो



भावना रखते हैं, हम लोग जानते हैं, व्यक्तिगत रूप से भी जानते हैं किस प्रकार से वो गरीबों के लिए, दलितों के लिए, पिछड़ों के लिए, आम लोगों के लिए भावना रखते है, हम जानते हैं।कौनसा मुद्दा है जो राहुलजी ने यहां नहीं उठाया हो और लंदन में उठा दिया हो, बता दीजिए, इस रूप में घबराकर सरकार ने राजनाथ सिंह जी से बुलवा दिया पार्लियामेंट के अंदर कि राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए, मैं पूछना चाहूंगा किस बात की माफी मांगनी चाहिए।₹ इस प्रकार से प्रोपेगेंडा शुरू करना क्योंकि धनबल की कमी नही है इनके पास, देश को बर्बाद कर रहे है, ईडी, इनकम टैक्स,सीबीआई के छापे डलवाकर विपक्षी नेताओं पर, ये पूरे देश में चर्चा का विषय बन चुका है,इनकी बातों में देश आने वाला नहीं है,इनकी चालों को लोग समझ गए है। 2024 में जनता इनको जवाब देगी।

